# चम्पारण ज्ञानाग्रह

प्रार्थना-सभा सामग्री, दिनांक– 17 मार्च 2026, अंक –238.

प्रस्तुतिः- GOVT. PS बोदसर, बगहा-2, प. चम्पारण (10010803702)

सौजन्य :- "TEACHERS OF BIHAR - THE CHANGE MAKERS."




"अनुशासन महानता की पहली शर्त है।"
— स्वामी विवेकानंद



विद्यार्थियों की बौद्धिक और नैतिक उन्नति की ओर....

संपादकः- शैलेन्द्र कुमार



www.teachersofbihar.org

अनुभाग-1

# "प्रार्थना-सभा सामग्री"

## Tuesday Prayer

हर देश में तू, हर भेष में तू,
तेरे नाम अनेक तू एक ही है,
तेरे नाम अनेक तू एक ही है।
तेरी रंगभूमि, यह विश्व भरा,
सब खेल में, मेल में तू ही तो है॥

सागर से उठा बादल बनके,
बादल से फटा जल हो करके।
फिर नहर बना नदियाँ गहरी,
तेरे भिन्न प्रकार, तू एक ही है॥

हर देश में तू, हर भेष में तू,
तेरे नाम अनेक तू एक ही है,
तेरे नाम अनेक तू एक ही है।

चींटी से भी अणु-परमाणु बना,
सब जीव-जगत् का रूप लिया।
कहीं पर्वत-वृक्ष विशाल बना,
सौंदर्य तेरा, तू एक ही है ॥

हर देश में तू, हर भेष में तू,
तेरे नाम अनेक तू एक ही है,
तेरे नाम अनेक तू एक ही है।

यह दिव्य दिखाया है जिसने,
वह है गुरुदेव की पूर्ण दया।
तुकड़िया कहे कोई न और दिखा,
बस मैं अरु तू सब एकही है॥

हर देश में तू, हर भेष में तू,
तेरे नाम अनेक तू एक ही है,
तेरे नाम अनेक तू एक ही है।
तेरी रंगभूमि, यह विश्व भरा,
सब खेल में, मेल में तू ही तो है॥

## बिहार राज्य गीत

मेरे भारत के कंठहार ,
तुझको शत-शत वंदन बिहार..!

तू वाल्मीकि की रामायण
तू वैशाली का लोकतंत्र,
तू बोधिसत्व की करूणा है
तू महावीर का शांतिमंत्र
तू नालंदा का ज्ञानदीप
तू हीं अक्षत चंदन बिहार

तू है अशोक की धर्मध्वजा
तू गुरूगोविंद की वाणी है
तू आर्यभट्ट तू शेरशाह
तू कुंवर सिंह बलिदानी है
तू बापू की है कर्मभूमि
धरती का नंदन वन बिहार।

तेरी गौरव गाथा अपूर्व
तू विश्व शांति का अग्रदूत
लौटेगा खोया स्वाभिमान
अब जाग चुके तेरे सपूत
अब तू माथे का विजय तिलक
तू आँखों का अंजन बिहार
तुझको शत-शत वंदन बिहार
मेरे भारत के कंठहार ॥

## राष्ट्रीय गीत (190 सेकंड)

वन्दे मातरम्।
सुजलां सुफलां मलयजशीतलाम्,
शस्यश्यामलां मातरम्।
वन्दे मातरम्॥
शुभ्रज्योत्स्ना पुलकित यामिनीम्,
फुल्लकुसुमित द्रुमदलशोभिनीम्,
सुहासिनीं सुमधुर भाषिणीम्,
सुखदां वरदां मातरम्।
वन्दे मातरम्॥
कोटि-कोटि कण्ठ कलकल निनाद कराले,
कोटि-कोटि भुजैर्धृत खरकरवाले,
अबला केनो मा एतो बले?
बहुबलधारिणीं नमामि तारिणीं,
रिपुदलवारिणीं मातरम्।
वन्दे मातरम्॥
त्वं हि विद्या, त्वं हि धर्म,
त्वं हि हृदि, त्वं हि मर्म,
त्वं हि प्राणाः शरीरे।
बाहुते त्वं मा शक्ति,
हृदये त्वं मा भक्ति,
तोमारइ प्रतिमा गढ़ि
मन्दिरे-मन्दिरे।
वन्दे मातरम्॥
त्वं हि दुर्गा दशप्रहरणधारिणी,
कमला कमलदलविहारिणी,
वाणी विद्यादायिनी नमामि त्वाम्।
नमामि कमलाम् अमलाम् अतुलाम्,
सुजलां सुफलां मातरम्।
वन्दे मातरम्॥
श्यामलां सरलां सुस्मितां भूषिताम्,
धरणीं भरणीं मातरम्।
वन्दे मातरम्॥

## राष्ट्रगान

जन-गण-मन अधिनायक जय हे
भारत-भाग्य-विधाता।
पंजाब-सिंधु-गुजरात-मराठा
द्रविड़-उत्कल-बंग।
विंध्य-हिमाचल-यमुना-गंगा
उच्छल-जलधि-तरंग।
तव शुभ नामे जागे,
तव शुभ आशिष मांगे,
गाहे तव जय-गाथा।
जन-गण-मंगलदायक जय हे
भारत-भाग्य-विधाता।
जय हे, जय हे, जय हे,
जय जय जय जय हे।।

संकलन:-
शैलेन्द्र कुमार
प्रधान शिक्षक
Govt. PS बोदसर,
बगहा-2, प. चंपारण।



# संविधान की प्रस्तावना

हम, भारत के लोग,
भारत को एक सम्पूर्ण प्रभुत्व-संपन्न, समाजवादी, पंथनिरपेक्ष, लोकतंत्रात्मक गणराज्य बनाने के लिए, तथा उसके समस्त नागरिकों को: सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक न्याय, विचार अभिव्यक्ति, विश्वास, धर्म और उपासना की स्वतंत्रता, प्रतिष्ठा और अवसर की समता प्राप्त कराने के लिए, तथा उन सब में व्यक्ति की गरिमा और राष्ट्र की एकता एवं अखंडता सुनिश्चित करने वाली बंधुता बढ़ाने के लिए दृढ़ संकल्प होकर अपनी इस संविधान सभा में आज तारीख 26 नवम्बर, 1949 ई० (मिति मार्ग शीर्ष शुक्ल सप्तमी, संवत् दो हजार छह विक्रमी) को एतद् द्वारा इस संविधान को अंगीकृत, अधिनियमित और आत्मार्पित करते हैं।

# मौलिक अधिकार

1. "समता का अधिकार (Right to Equality.)" - अनुच्छेद 14–18
2. "स्वतंत्रता का अधिकार - (Right to Freedom.)" - अनुच्छेद 19–22
3. "शोषण के विरुद्ध अधिकार (Right against Exploitation.)" - अनुच्छेद 23–24
4. "धार्मिक स्वतंत्रता का अधिकार (Right to Freedom of Religion.)" - अनुच्छेद 25–28
5. "संस्कृति एवं शिक्षा संबंधी अधिकार (Cultural and Educational Right.)" - अनुच्छेद 29–30
6. "संवैधानिक उपचारों का अधिकार (Right to Constitutional Remedies.)" - अनुच्छेद 32

# मौलिक कर्तव्य

अनुच्छेद 51(क) – मौलिक कर्तव्य:
भारत के प्रत्येक नागरिक का यह कर्तव्य होगा कि वह –
(1.) संविधान का पालन करे और उसके आदर्शों, संस्थाओं, राष्ट्रध्वज और राष्ट्रगान का आदर करे;
(2.) स्वतन्त्रता के लिए हमारे राष्ट्रीय आन्दोलन को प्रेरित करने वाले उच्च आदर्शों को हृदय में संजोए रखे और उनका पालन करे;
(3.) भारत की प्रभुता, एकता और अखण्डता की रक्षा करे और उसे अक्षुण्ण रखे;
(4.) देश की रक्षा करे और आह्वान किए जाने पर राष्ट्र की सेवा करे;
(5.) भारत के सभी लोगों में समरसता और समान भ्रातृत्व की भावना का निर्माण करे जो धर्म, भाषा और प्रदेश या वर्ग पर आधारित सभी भेदभाव से परे हो; ऐसी प्रथाओं का त्याग करे जो स्त्रियों के सम्मान के विरुद्ध हैं;
(6.) हमारी सामासिक संस्कृति की गौरवशाली परम्परा का महत्त्व समझे और उसका परिरक्षण करे;
(7.) प्राकृतिक पर्यावरण, जिसके अंतर्गत वन, झील, नदी और वन्य जीव हैं, की रक्षा करे और उसका संवर्धन करे तथा प्राणिमात्र के प्रति दयाभाव रखे;
(8.) वैज्ञानिक दृष्टिकोण, मानववाद और ज्ञानार्जन तथा सुधार की भावना का विकास करे;
(9.) सार्वजनिक सम्पत्ति की रक्षा करे और हिंसा से दूर रहे;
(10.) व्यक्तिगत और सामूहिक गतिविधियों के सभी क्षेत्रों में उत्कर्ष की ओर बढ़ने का सतत प्रयास करे जिससे राष्ट्र निरन्तर बढ़ते हुए प्रयत्नों द्वारा उन्नति की नई ऊँचाइयों को छू ले;
(11.) यदि वह माता-पिता या संरक्षक है, तो छह वर्ष से चौदह वर्ष तक की आयु वाले अपने, यथास्थिति, बच्चे या प्रतिपाल्य को शिक्षा के अवसर प्रदान करे।

अनुभाग-2

# वर्ग:- प्राथमिक (1 - 5) के लिए

## सामान्य-ज्ञान

प्रश्न 1: फ्रांस की राजधानी कहाँ है?
उत्तर: पेरिस (इसे 'सुरा और सुंदरियों का देश' भी कहा जाता है)
प्रश्न 2: विश्व का सबसे छोटा देश (क्षेत्रफल की दृष्टि से) कौन सा है?
उत्तर: वेटिकन सिटी
प्रश्न 3: 'भांगड़ा' और 'गिद्धा' किस राज्य का प्रसिद्ध लोक नृत्य है?
उत्तर: पंजाब
प्रश्न 4: एक 'दर्जन' (Dozen) में कितनी इकाइयाँ होती हैं और 5 दर्जन में कुल कितनी
उत्तर: 12 इकाइयाँ (5 दर्जन = 60 इकाइयाँ)
प्रश्न 5: बिहार का 'राजकीय मछली' किसे घोषित किया गया है?
उत्तर: देशी मांगुर (Magur)
प्रश्न 6: 'काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान' किस जीव के संरक्षण के लिए प्रसिद्ध है?
उत्तर: एक सींग वाला गेंडा (One-horned Rhinoceros)
प्रश्न 7: टेलीविज़न (TV) का आविष्कार किसने किया था?
उत्तर: जॉन लोगी बेयर्ड (John Logie Baird)
प्रश्न 8: भारतीय संविधान को तैयार करने में कुल कितना समय लगा था?
उत्तर: 2 वर्ष, 11 महीने और 18 दिन
प्रश्न 9: 'अंधे की लाठी' मुहावरे का सही अर्थ क्या है?
उत्तर: एकमात्र सहारा होना
प्रश्न 10: मनुष्य के शरीर का सामान्य तापमान (Normal Temperature) कितना होता है?
उत्तर: लगभग 37°C या 98.6°F

संकलन:-



पिन्टू कुमार
विद्यालय अध्यापक
UHS रामपुर, बगहा-2

## शब्द - संगम

Flee (फ्ली) – भागना / पलायन करना
Fled (फ्लेड) – भागा
Fled (फ्लेड) – भाग गया

Kneel (नील) – घुटने टेकना
Knelt (नेल्ट) – घुटने टेके
Knelt (नेल्ट) – घुटने टेके गए

Lay (ले) – रखना / बिछाना
Laid (लेड) – रखा / बिछाया
Laid (लेड) – रखा गया / बिछाया गया



संकलन:-
सौरभ कुमार
विद्यालय अध्यापक
Govt. UMS गोइती
बगहा-2, प. चम्पारण

## English गप-शप

थीम: After School (स्कूल के बाद)

अब हम घर चलें। – Let us go home now.
आज स्कूल अच्छा था। – School was good today.
मैंने बहुत कुछ सीखा। – I learned a lot.
कल फिर मिलेंगे। – See you tomorrow.



संकलन:-
सुनील कुमार राम
प्रधान शिक्षक
Govt. PS चिउटाहां
बगहा-2, प. चम्पारण

# "सामान्य-ज्ञान"(वर्ग:6-12)

1.:आज 17 मार्च को 'समुद्री सुरक्षा' और 'नौवहन' के गौरवशाली इतिहास को याद करने हेतु कौन सा विशेष आयोजन किया जाता है? (दिवस ज्ञान)
उत्तर: विश्व समुद्री दिवस (जागरूकता सप्ताह)
व्याख्या: मार्च के इस पखवाड़े में अंतरराष्ट्रीय समुद्री संगठन (IMO) द्वारा समुद्री सुरक्षा और पर्यावरण संरक्षण पर बल दिया जाता है। यह दिवस छात्रों को नीली अर्थव्यवस्था (Blue Economy) और समुद्री व्यापार के महत्व से परिचित कराता है, जो वैश्विक कनेक्टिविटी का आधार है।
संदर्भ: International Maritime Organization (IMO) Calendar 2026.

2. हाल ही में 'बिहार सरकार' ने किस जिले में राज्य के पहले 'फ्लोटिंग सोलर पावर प्लांट' (तैरता हुआ सौर ऊर्जा केंद्र) की क्षमता विस्तार को मंजूरी दी है? (समसामयिकी)
उत्तर: दरभंगा
व्याख्या: दरभंगा के कादिराबाद में स्थित बिहार का पहला फ्लोटिंग सोलर प्लांट अब अपनी बढ़ी हुई क्षमता के साथ राज्य को हरित ऊर्जा प्रदान कर रहा है। यह तकनीक जल संरक्षण और बिजली उत्पादन दोनों में सहायक है, जो बिहार की ऊर्जा आत्मनिर्भरता के लिए एक मिसाल है।
संदर्भ: Bihar Renewable Energy Development Agency (BREDA), March 2026.

3. "अष्टाध्यायी" नामक व्याकरण के महान ग्रंथ की रचना किसने की थी? (पुस्तक - लेखक)
उत्तर: पाणिनी
व्याख्या: पाणिनी द्वारा रचित 'अष्टाध्यायी' संस्कृत व्याकरण का सबसे वैज्ञानिक और प्राचीन ग्रंथ है। इसमें आठ अध्याय हैं जो भाषा के नियमों को व्यवस्थित करते हैं। यह ग्रंथ प्राचीन भारतीय भाषाई कौशल और बौद्धिक संपदा का विश्व प्रसिद्ध उदाहरण है।
संदर्भ: NCERT Class 6 History (Our Pasts-I), Ch 6, p. 54.

4. वायुमंडल की किस परत में 'ओजोन गैस' (Ozone Gas) की सांद्रता सर्वाधिक पाई जाती है? (पर्यावरण)
उत्तर: समताप मंडल (Stratosphere)
व्याख्या: समताप मंडल की निचली परत में ओजोन गैस पाई जाती है जो सूर्य की हानिकारक पराबैंगनी किरणों (UV Rays) को अवशोषित करती है। यह परत पृथ्वी पर जीवन की सुरक्षा के लिए एक 'सुरक्षा कवच' की तरह कार्य करती है।
संदर्भ: NCERT Class 7 Geography, Ch 4 (Air), p. 22.

5. 'गदर पार्टी' की स्थापना 1913 में लाला हरदयाल ने कहाँ की थी? (इतिहास)
उत्तर: सैन फ्रांसिस्को (USA)
व्याख्या: भारतीय क्रांतिकारियों ने विदेशी धरती से भारत की आजादी का बिगुल फूंकने के लिए अमेरिका के सैन फ्रांसिस्को में गदर पार्टी बनाई थी। इसका मुख्य उद्देश्य सशस्त्र विद्रोह के माध्यम से ब्रिटिश शासन को उखाड़ फेंकना था। यह प्रवासी भारतीयों के देशभक्तिपूर्ण योगदान का प्रतीक है।
संदर्भ: NCERT Class 8 History (Our Pasts-III), Ch 9, p. 114.

6. भारत की 'सिलिकॉन वैली' (Silicon Valley) के नाम से किस शहर को जाना जाता है? (भूगोल)
उत्तर: बेंगलुरु
व्याख्या: कर्नाटक की राजधानी बेंगलुरु को सूचना प्रौद्योगिकी (IT) क्षेत्र में इसके वैश्विक नेतृत्व के कारण भारत की 'सिलिकॉन वैली' कहा जाता है। यहाँ सॉफ्टवेयर विकास और नवाचार के साथ-साथ उच्च स्तरीय तकनीकी संस्थान स्थित हैं जो देश की डिजिटल प्रगति की धुरी हैं।
संदर्भ: NCERT Class 10 Geography, Ch 6, p. 74.

7. भारतीय संविधान का 'अनुच्छेद 51A' नागरिकों के किस दायित्व से संबंधित है? (संविधान)
उत्तर: मौलिक कर्तव्य
व्याख्या: 42वें संविधान संशोधन (1976) द्वारा अनुच्छेद 51A को जोड़ा गया, जिसमें वर्तमान में 11 मौलिक कर्तव्य शामिल हैं। यह नागरिकों को देश के प्रति उनके सामाजिक और नैतिक कर्तव्यों की याद दिलाता है, जैसे संविधान का सम्मान और राष्ट्रीय प्रतीकों की रक्षा।
संदर्भ: NCERT Class 11 Pol. Science, Ch 2, p. 44.

8. 'कोशिका का ऊर्जा गृह' (Powerhouse of the Cell) किसे कहा जाता है? (विज्ञान)
उत्तर: माइटोकॉन्ड्रिया (Mitochondria)
व्याख्या: माइटोकॉन्ड्रिया कोशिका के अंदर भोजन के ऑक्सीकरण द्वारा ऊर्जा (ATP) उत्पन्न करता है। इसी ऊर्जा का उपयोग कोशिका अपनी विभिन्न जैविक क्रियाओं के लिए करती है। यह कोशिका का सबसे महत्वपूर्ण श्वसन अंगक माना जाता है।
संदर्भ: NCERT Class 9 Science, Ch 5, p. 65.

9. 'यक्षगान' किस भारतीय राज्य का प्रसिद्ध पारंपरिक लोक नाट्य रूप है? (कला एवं संस्कृति)
उत्तर: कर्नाटक
व्याख्या: यक्षगान एक प्राचीन कला विधा है जो नृत्य, संगीत, संवाद और विशिष्ट वेशभूषा का मिश्रण है। यह अक्सर रामायण और महाभारत जैसी पौराणिक कथाओं पर आधारित होता है। यह दक्षिण भारत की समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर को प्रदर्शित करता है।
संदर्भ: NCERT Class 11 Fine Arts (Performing Arts).

10. बिहार का सबसे शिक्षित जिला (Highest Literacy Rate) कौन सा है? (बिहार GK)
उत्तर: रोहतास
व्याख्या: जनगणना और नवीनतम आंकड़ों के अनुसार, रोहतास जिला बिहार में साक्षरता के मामले में प्रथम स्थान पर है। यहाँ की शैक्षणिक जागरूकता और विद्यालयों की सक्रियता इसे राज्य का शैक्षणिक मॉडल बनाती है।
संदर्भ: Bihar Economic Survey; SCERT Bihar Class 10 Geography.

# "सामान्य-ज्ञान"

11. सुरक्षित शनिवार (मार्च W2): चक्रवाती तूफान या तेज आँधी के दौरान यदि आप 'वाहन' (बस या कार) के अंदर हों, तो सुरक्षा का सबसे अच्छा तरीका क्या है? (विद्यालय सुरक्षा)
उत्तर: वाहन के अंदर रहें
व्याख्या: आपदा कैलेंडर 2026 (मार्च W2) के अनुसार, यदि तूफान के समय आप ढके हुए वाहन के अंदर हैं, तो वहीं रहना सुरक्षित है। वाहन को पेड़ों, बिजली के खंभों और पुलों से दूर किसी सुरक्षित स्थान पर खड़ा कर देना चाहिए। वाहन के कांच बंद रखें ताकि उड़ने वाली वस्तुओं से बचाव हो सके।
संदर्भ: मुख्यमंत्री विद्यालय सुरक्षा कार्यक्रम (आपदा जोखिम न्यूनीकरण कैलेण्डर 2026)।

12. एक ठोस घन के सभी चेहरों (Faces) को नीले रंग से रंगा गया है और इसे 27 छोटे समान घनों में काटा गया है। ऐसे कितने छोटे घन होंगे जिनका 'एक भी' चेहरा रंगा हुआ नहीं होगा? (मानसिक योग्यता)
उत्तर: 01
व्याख्या: n^3 = 27 तो n = 3। बिना रंगे हुए घनों का सूत्र (n-2)^3 होता है। अतः (3-2)^3 = 1^3 = 1। यह सबसे केंद्र वाला घन होगा जो पूरी तरह सुरक्षित रहेगा। यह प्रश्न छात्रों के त्रिविमीय (3D) विज़ुअलाइज़ेशन और गणितीय तर्क को पुष्ट करता है।
संदर्भ: Reasoning Aptitude for High School (NTSE Pattern).


**GK संकलन:-**
**शैलेन्द्र कुमार**
प्रधान शिक्षक
Govt. PS बोदसर
बगहा-2, प. चम्पारण।




अनुभाग-4

## -: शब्द - संगम :-

Harvest (हार्वेस्ट) = Gather (गैदर) = फसल काटना / इकट्ठा करना
Antonym – Sow (सो) = बोना

Heighten (हाइटन) = Intensify (इंटेन्सिफाई) = बढ़ाना
Antonym – Lessen (लेसन) = कम करना

Hesitate (हेसिटेट) = Pause (पॉज़) = हिचकिचाना
Antonym – Decide (डिसाइड) = निर्णय लेना

Honor (ऑनर) = Respect (रिस्पेक्ट) = सम्मान करना
Antonym – Insult (इंसल्ट) = अपमान करना

Halt (हॉल्ट) = Stop (स्टॉप) = रुकना
Antonym – Continue (कंटिन्यू) = जारी रखना




~: संकलन :~
**राकेश कुमार राव**
प्रधानाध्यापक
PMश्री +2 NGY उच्च विद्यालय
वाल्मीकिनगर, बगहा-2 , प. चम्पारण।

# "आज का अख़बार"

## NATIONAL NEWS

1. LPG refill bookings decline to 77 lakh amid West Asia conflict easing panic buying; Indian crude tanker sails safely out of UAE's Fujairah port, supplies stable as per government update.

पश्चिम एशिया संघर्ष के बीच LPG रिफिल बुकिंग 77 लाख पर घटी, घबराहट खरीद में कमी; UAE के फुजैराह पोर्ट से भारतीय क्रूड टैंकर सुरक्षित निकला, आपूर्ति स्थिर।

1. Rajya Sabha elections: NDA wins all five Bihar seats comfortably; Nitish Kumar, Nitin Nabin, Ram Nath Thakur, Upendra Kushwaha, Shivesh Ram elected amid opposition cross-voting and missing MLAs.

राज्यसभा चुनाव: NDA ने बिहार की सभी पांच सीटें आसानी से जीतीं; नीतीश कुमार, नितिन नवीन, राम नाथ ठाकुर, उपेंद्र कुशवाहा, शिवेश राम निर्वाचित, विपक्ष में क्रॉस वोटिंग और गायब विधायक।

1. EAM S Jaishankar hails diplomatic talks with Iran for safe passage through Strait of Hormuz; no blanket arrangement for Indian ships, each cleared individually.

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने होर्मुज जलडमरूमध्य से सुरक्षित मार्ग के लिए ईरान के साथ कूटनीतिक बातचीत की सराहना की; भारतीय जहाजों के लिए कोई ब्लैंकेट व्यवस्था नहीं, प्रत्येक अलग से मंजूर।

## INTERNATIONAL NEWS

ran war enters 17th day: US urges allies including China, UK, Japan, South Korea to help reopen Strait of Hormuz; Trump warns NATO of 'very bad' future if no support for coalition.

ईरान युद्ध 17वें दिन में: अमेरिका ने चीन, यूके, जापान, दक्षिण कोरिया सहित सहयोगियों से होर्मुज जलडमरूमध्य दोबारा खोलने में मदद की अपील; ट्रंप ने सहयोग न देने पर NATO को 'बहुत बुरा' भविष्य की चेतावनी दी।

Israeli strikes pound Iranian city of Hamadan; multiple missile salvos from Iran target Israel and Gulf allies, oil prices surge as disruptions continue in critical shipping lane.

इज़राइली हमलों ने ईरानी शहर हमदान को निशाना बनाया; ईरान से इज़राइल और खाड़ी सहयोगियों पर कई मिसाइल सैल्वो, महत्वपूर्ण शिपिंग लेन में बाधा से तेल कीमतें बढ़ीं।

Sweden's Deputy PM Ebba Busch at India AI Impact Summit emphasizes inclusive AI for real-world challenges; global focus on accessible technology amid ongoing geopolitical tensions.

स्वीडन की उप-प्रधानमंत्री एब्बा बुश ने इंडिया AI इम्पैक्ट समिट में समावेशी AI की आवश्यकता पर जोर दिया, वास्तविक चुनौतियों के लिए सुलभ तकनीक; भू-राजनीतिक तनाव के बीच वैश्विक फोकस।

## BIHAR NEWS

Nitish Kumar elected to Rajya Sabha from Bihar on NDA ticket; victory ensures smooth transition as he plans to focus on Upper House role post-CM tenure.
नीतीश कुमार NDA टिकट पर बिहार से राज्यसभा निर्वाचित; सीएम पद के बाद ऊपरी सदन भूमिका पर फोकस, सुचारू संक्रमण सुनिश्चित।

NDA sweeps Bihar's five Rajya Sabha seats; opposition INDIA bloc hit by missing Congress MLAs and cross-voting, major setback for Mahagathbandhan unity.
NDA ने बिहार की पांच राज्यसभा सीटें जीतीं; कांग्रेस विधायकों के गायब होने और क्रॉस वोटिंग से INDIA ब्लॉक को बड़ा झटका, महागठबंधन एकता प्रभावित।

## SPORTS NEWS

IPL 2026 preparations begin: T20 World Cup 2026 winning Indian players to join respective franchise camps from March 16; focus on building momentum post historic back-to-back titles.
IPL 2026 की तैयारियां शुरू: टी20 विश्व कप 2026 विजेता भारतीय खिलाड़ी 16 मार्च से अपनी फ्रेंचाइजी कैंप में शामिल होंगे; लगातार खिताब के बाद गति बनाए रखने पर फोकस।

IPL effect credited for India's T20 dominance; legends highlight league's role in grooming players for back-to-back World Cup wins in 2024 and 2026.
IPL प्रभाव से भारत की टी20 दबदबे का श्रेय; दिग्गजों ने 2024 और 2026 में लगातार विश्व कप जीत में लीग की भूमिका की सराहना की।



संकलन:-
शैलेन्द्र कुमार
प्रधान शिक्षक
रा.प्रा.वि. बोदसर,
बगहा-2, प. चम्पारण।

✍️ संदेश:

"करेंट अफेयर्स का नियमित अध्ययन ही प्रतियोगी सफलता की सबसे मजबूत नींव है।"

अनुभाग-6

## प्रेरक प्रसंग

# "अच्छे विचार की ताकत"

एक विद्यालय में प्रतिदिन प्रार्थना सभा के बाद कुछ मिनटों के लिए प्रेरक विचार सुनाए जाते थे। एक दिन प्रधानाध्यापक जी ने बच्चों से पूछा,

"बताओ, दुनिया को बेहतर बनाने की शुरुआत कहाँ से होती है?"

बच्चे अलग-अलग उत्तर देने लगे—

"अच्छी पढ़ाई से",

"मेहनत से",

बड़ों की बात मानने से।"

प्रधानाध्यापक जी मुस्कुराए और बोले,

"इन सबकी शुरुआत एक ही जगह से होती है—हमारे विचारों से।"

उन्होंने बच्चों को एक छोटी-सी घटना सुनाई। एक बार एक बच्चा रास्ते में चलते हुए केले का छिलका जमीन पर फेंकने ही वाला था, तभी उसने सोचा —"अगर कोई इस पर फिसल गया तो उसे चोट लग सकती है।" यह सोचकर उसने छिलका कूड़ेदान में डाल दिया।

प्रधानाध्यापक जी बोले,

"देखो बच्चों, उस बच्चे ने कोई बड़ा काम नहीं किया, लेकिन उसके एक अच्छे विचार ने किसी दुर्घटना को होने से रोक दिया।"

यह सुनकर बच्चों ने समझ लिया कि अच्छे काम हमेशा बड़े नहीं होते। कभी-कभी छोटी-सी अच्छी सोच भी समाज में बड़ा बदलाव ला सकती है।

सभा के अंत में प्रधानाध्यापक जी ने कहा,

"यदि हम अपने विचारों को सकारात्मक और अच्छे बनाए रखें, तो हमारे छोटे-छोटे कार्य भी दुनिया को बेहतर बना सकते हैं।"

**सीख :** अच्छे विचार ही अच्छे कार्यों की शुरुआत होते हैं।
छोटी-सी सकारात्मक सोच भी जीवन में बड़ा परिवर्तन ला सकती है।




................✍

**मनोज कुमार**

प्रधानाध्यापक

रा.म.वि.वाल्मीकिनगर

बगहा 2, प. चम्पारण।

अनुभाग-7

# "शिक्षक संवर्धन"

## "उपचारात्मक शिक्षण (Remedial Teaching) का महत्व"

विद्यालयों में शिक्षण की प्रक्रिया का उद्देश्य यह नहीं होता कि कुछ बच्चे आगे बढ़ जाएँ और कुछ पीछे छूट जाएँ। शिक्षा का वास्तविक लक्ष्य यह है कि प्रत्येक बच्चा अपनी क्षमता के अनुसार सीख सके और आवश्यक ज्ञान एवं कौशल प्राप्त कर सके। इसी उद्देश्य से उपचारात्मक शिक्षण (Remedial Teaching) की अवधारणा विकसित हुई है। विशेष रूप से बिहार के सरकारी प्रारंभिक विद्यालयों में संचालित वार्षिक मूल्यांकन–2026 के बाद यह और भी महत्वपूर्ण हो जाता है कि जिन बच्चों को किसी विषय में कठिनाई हो रही है, उन्हें अतिरिक्त सहयोग और अभ्यास का अवसर दिया जाए। इस संदर्भ में Education Department Bihar द्वारा भी यह निर्देश दिया गया है कि मूल्यांकन के परिणामों के आधार पर कमजोर अधिगम स्तर वाले बच्चों के लिए उपचारात्मक शिक्षण की व्यवस्था की जाए।

उपचारात्मक शिक्षण का अर्थ है—ऐसी विशेष शिक्षण प्रक्रिया जिसके माध्यम से उन बच्चों की सीखने की कठिनाइयों को दूर किया जाता है जो सामान्य कक्षा शिक्षण के दौरान किसी कारण से पीछे रह गए हों। यह प्रक्रिया बच्चों को दंडित करने या अलग करने के लिए नहीं होती, बल्कि उन्हें अतिरिक्त सहायता देकर मुख्य शिक्षण धारा में शामिल करने का एक सकारात्मक प्रयास होती है।

उदाहरण के लिए यदि कक्षा 4 के कुछ बच्चे अभी भी धाराप्रवाह पढ़ नहीं पा रहे हैं या गणित में जोड़ और घटाव की अवधारणा ठीक से नहीं समझ पा रहे हैं, तो शिक्षक उनके लिए विशेष अभ्यास सत्र आयोजित कर सकते हैं। इन सत्रों में छोटे समूह बनाकर पढ़ाना, सरल गतिविधियों का उपयोग करना, चित्र और खेल के माध्यम से समझाना तथा बार-बार अभ्यास कराना बहुत प्रभावी होता है। इस प्रकार धीरे-धीरे बच्चों की समझ मजबूत होने लगती है।

उपचारात्मक शिक्षण की सफलता के लिए सबसे पहले यह आवश्यक है कि शिक्षक बच्चों की वास्तविक कठिनाइयों की पहचान करें। कई बार बच्चों को विषय समझने में नहीं, बल्कि पढ़ने या भाषा को समझने में कठिनाई होती है। यदि शिक्षक इस मूल कारण को समझ लेते हैं, तो वे उसी के अनुसार शिक्षण रणनीति बना सकते हैं। इसलिए मूल्यांकन के परिणामों का विश्लेषण उपचारात्मक शिक्षण की पहली और महत्वपूर्ण कड़ी माना जाता है।

इसके साथ-साथ यह भी जरूरी है कि उपचारात्मक शिक्षण को बोझिल या दंडात्मक न बनाया जाए। यदि बच्चे इसे अतिरिक्त सजा के रूप में महसूस करेंगे, तो वे इससे बचने की कोशिश करेंगे। इसके विपरीत यदि शिक्षक इसे रोचक गतिविधियों, खेल, कहानी और समूह कार्य के माध्यम से संचालित करें, तो बच्चे उत्साहपूर्वक भाग लेते हैं और उनकी सीखने की गति भी बढ़ती है।

अभिभावकों की भूमिका भी उपचारात्मक शिक्षण में महत्वपूर्ण होती है। यदि अभिभावक बच्चों को घर पर अभ्यास के लिए प्रोत्साहित करें, उनसे पढ़ने-लिखने की छोटी-छोटी गतिविधियाँ करवाएँ और नियमित रूप से विद्यालय भेजें, तो बच्चों की सीखने की प्रक्रिया और मजबूत हो सकती है।

अंततः यह कहा जा सकता है कि उपचारात्मक शिक्षण शिक्षा की समानता और गुणवत्ता सुनिश्चित करने का एक महत्वपूर्ण माध्यम है। इसका उद्देश्य हर बच्चे को सीखने का अवसर देना और उसे उसकी पूरी क्षमता तक पहुँचने में सहयोग करना है। जब विद्यालय और शिक्षक इस प्रक्रिया को संवेदनशीलता और समर्पण के साथ अपनाते हैं, तब कोई भी बच्चा सीखने की दौड़ में पीछे नहीं रह जाता।

.................✍️
मनोज कुमार झा
प्रधानाध्यापक
राज़कीयकृत म.वि. सर्वोदय
बेतिया, प. चम्पारण।



आइए, हम मिलकर छात्रों के ज्ञान, प्रेरणा और जिज्ञासा को नयी दिशा दें। 🌿🙏

# कैरियर मार्गदर्शन श्रृंखला: पत्र संख्या - 12

## (मैट्रिक के बाद – पॉलिटेक्निक : Diploma in Mechanical Engineering)

## 'संपादकीय'

प्रिय विद्यार्थियों,

यदि आपने मैट्रिक के बाद तकनीकी क्षेत्र में करियर बनाने का निश्चय किया है, तो Diploma in Mechanical Engineering (पॉलिटेक्निक) एक अत्यंत उपयोगी और व्यावहारिक कोर्स है। मैकेनिकल इंजीनियरिंग को इंजीनियरिंग की "मूल शाखा" कहा जाता है, क्योंकि मशीनों का डिजाइन, निर्माण, रख-रखाव तथा उत्पादन से जुड़े अधिकांश उद्योग इसी से जुड़े होते हैं। इस कोर्स में मशीन ड्रॉइंग, थर्मोडायनेमिक्स, वर्कशॉप टेक्नोलॉजी, ऑटोमोबाइल बेसिक्स तथा उत्पादन तकनीक का प्रशिक्षण दिया जाता है।

अर्हता (Eligibility): मान्यता प्राप्त बोर्ड से 10वीं उत्तीर्ण (गणित एवं विज्ञान विषय आवश्यक)।

नामांकन की प्रक्रिया: बिहार में सरकारी पॉलिटेक्निक संस्थानों में प्रवेश के लिए Bihar Combined Entrance Competitive Examination Board द्वारा आयोजित DCECE (Diploma Certificate Entrance Competitive Examination) देना होता है। आवेदन और विस्तृत जानकारी bceceboard.bihar.gov.in पर उपलब्ध होती है।

बिहार के प्रमुख सरकारी पॉलिटेक्निक संस्थान: Government Polytechnic Patna-7, New Government Polytechnic Patna, Government Polytechnic Muzaffarpur
Government Polytechnic Bhagalpur

इन सभी संस्थानों में बिहार सरकार द्वारा कम शुल्क पर गुणवत्तापूर्ण तकनीकी शिक्षा उपलब्ध कराई जाती है।

देश के प्रमुख सरकारी तकनीकी संस्थान (डिप्लोमा के बाद उच्च शिक्षा हेतु): Indian Institute of Technology Delhi, National Institute of Technology Patna

डिप्लोमा के बाद लेटरल एंट्री के माध्यम से B.Tech में प्रवेश लेकर आप इन जैसे संस्थानों तक आगे बढ़ सकते हैं।

कोर्स अवधि: सामान्यतः 3 वर्ष (6 सेमेस्टर)।

रोजगार की संभावना: मैकेनिकल इंजीनियरिंग डिप्लोमा धारकों के लिए अनेक उद्योगों में अवसर होते हैं— ऑटोमोबाइल उद्योग, मैन्युफैक्चरिंग कंपनियाँ, रेलवे वर्कशॉप, थर्मल पावर प्लांट, मशीन निर्माण इकाइयाँ

प्रारंभिक वेतन लगभग ₹15,000–30,000 प्रति माह हो सकता है। अनुभव और उच्च शिक्षा के साथ यह तेजी से बढ़ता है।

आगे की पढ़ाई: डिप्लोमा के बाद B.Tech (Lateral Entry) में सीधे दूसरे वर्ष में प्रवेश संभव है।

वित्तीय सहायता: तकनीकी शिक्षा के लिए बिहार सरकार की स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना (drcc.bihar.gov.in) के अंतर्गत आर्थिक सहायता मिल सकती है। छात्रवृत्ति के लिए National Scholarship Portal (scholarships.gov.in) पर केंद्र एवं राज्य सरकार की योजनाएँ उपलब्ध हैं।

अंतिम सुझाव: यदि आपको मशीनों, ऑटोमोबाइल, उपकरणों और तकनीकी कार्यों में रुचि है, तो यह कोर्स आपके लिए एक मजबूत करियर मार्ग बना सकता है।

अगले पत्र में हम इंटरमीडिएट के बाद – BBA (Bachelor of Business Administration) के बारे में विस्तार से चर्चा करेंगे।

उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएँ।



...........
शैलेन्द्र कुमार
प्रधान शिक्षक
रा.प्रा.वि. बोदसर, बगहा-2

Reg. No. BR/2025/0487469

# "चम्पारण-ज्ञानाग्रह"

**आइए, हम मिलकर छात्रों के ज्ञान, प्रेरणा और जिज्ञासा को नयी दिशा दें। 🌿🙏**

# Thank You..

**बच्चों के हितार्थ अपना बहुमूल्य समय देने के लिए...!!!**




**संपादक:-**

**शैलेन्द्र कुमार**

'प्रधान शिक्षक'

Govt. PS बोदसर,

बगहा-2, प. चम्पारण।

(10010803702)

📱-9939671700


अगर आपके मन में कोई नया विचार, कोई इवेंट, कोई एक्टिविटी या किसी बदलाव की पहल है, तो कृपया टीम में बताइए।


+917250818080

teachersofbihar@gmail.com

+917250818080

www.teachersofbihar.org